**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

# पुनरावृत्ति अभ्यास पत्र

**विषय: हिंदी** **कक्षा- IX** **अगस्त,2025**

**पाठ्य पुस्तक – (स्पर्श भाग-1)**

**पाठ – दुःख का अधिकार**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें –

(क) बुढ़िया के घर में कौन-सी घटना घटी ?

(ख) लोग उस बुढ़िया के बारे में क्या-क्या बातें कर रहे थे ?

(ग) बुढ़िया और संभ्रांत महिला में क्या समानताएँ और असमानताएँ थीं ?

**पाठ – एवरेस्ट : मेरी शिखर यात्रा**

प्रश्न - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखें।

(क) डॉक्टर मीनू मेहता ने पर्वतारोहियों को क्या बताया ?

(ख) बुद्ध पूर्णिमा के दिन कौन-सी घटना घटी ?

(ग) पर्वतारोहियों ने एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कितने कैंप बनाए थे ? विस्तारपूर्वक लिखिए।

**पाठ – तुम कब जाओगे , अतिथि**

प्रश्न -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखें।

(क) लेखक को घर आया अतिथि कब राक्षस के समान लगने लगा ?

(ख) लेखक का बटुआ अंदर ही अंदर क्यों काँप गया ?

(ग) अतिथि के प्रति लेखक के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया और क्यों ?

**पाठ – रैदास के पद**

प्रश्न- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखें।

(क) रैदास जी ने 'गरीब निवाजु' किसे कहा है और क्यों ?

(ख) रैदास जी ने क्या-क्या उदाहरण देकर प्रभु के प्रति अपनी भक्ति को दर्शाया है ?

(ग) रैदास की भक्ति की विशेषताओं का वर्णन करें ।

**पाठ – दोहे**

प्रश्न - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखें।

(क) विपत्ति आने पर श्री राम जी कहाँ जाकर बसे थे ?

(ख) प्रेम का धागा टूटने पर क्या होता है ?

**पाठ्य पुस्तक – (संचयन )**

**पाठ –1 गिल्लू**

प्रश्न 1 गिल्लू और महादेवी वर्मा जी के बीच जो प्रेम संबंध स्थापित हुआ उसे अपने शब्दों में लिखें ।

प्रश्न 2 महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया ?

**पाठ – 2 स्मृति**

प्रश्न 1 लेखक को कुएँ के भीतर क्यों जाना पड़ा ?

प्रश्न 2 लेखक के छोटे भाई के रोने का क्या कारण था ?

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें -**

स्वतंत्रता केवल राजनैतिक आज़ादी का नाम नहीं है बल्कि यह उस चेतना का प्रतीक है जो हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति सजग बनाती है। 15 अगस्त 1947 को मिली आज़ादी केवल एक तिथि भर नहीं थी बल्कि वह हमारे स्वाभिमान, आत्मबलिदान और संघर्षों की परिणति थी। देश के लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर करके जो स्वराज हमें दिलाया, वह केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं है बल्कि आत्मनिरीक्षण करने का अवसर भी है। हर वर्ष जब हम स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते हैं, राष्ट्रगान गाते हैं और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित करते हैं तब हमें यह भी विचार करना चाहिए कि क्या हम आज़ादी की उस भावना को जीवित रख पा रहे हैं? स्वतंत्रता का अर्थ केवल शारीरिक बंधनों से मुक्ति नहीं बल्कि सामाजिक अन्याय, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और असमानता से भी मुक्ति है अतः इस दिन हमें केवल आनन्द नहीं, उत्तरदायित्व का भी अनुभव होना चाहिए।

**(क) गद्यांश के अनुसार स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ क्या है?**

1) केवल विदेशियों की गुलामी से मुक्ति
2) राजनैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता
3) अधिकारों का प्रयोग करना
4) सामाजिक और मानसिक बंधनों से मुक्ति

**(ख) 15 अगस्त,1947 को मिली आज़ादी को लेखक किस रूप में देखता है?**

1) एक ऐतिहासिक तिथि के रूप में
2) संघर्षों और बलिदानों की परिणति के रूप में
3) अंग्रेज़ों की हार के रूप में
4) एक परंपरा के रूप में

**(ग) इस गद्यांश की मुख्य विचारधारा क्या है?**

1) देशभक्ति के कार्यक्रमों का महत्त्व
2) स्वतंत्रता का सार और उसका दायित्व
3) अंग्रेजों का अत्याचार
4) राष्ट्रगान और झंडारोहण की विधि

**(घ) स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का क्या महत्त्व है?**
**(ङ) गद्यांश के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस पर हमें किस प्रकार की चेतना विकसित करनी चाहिए?**

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**<u>शब्द तथा पद</u>**

प्रश्न– शब्द तथा पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**<u>अनुस्वार तथा अनुनासिक</u>**

प्रश्न - निम्न शब्दों में अनुनासिक या अनुसार का प्रयोग कर शब्दों को पुनः लिखिए -

ठडा , आतक , बासुरी , फसना

**<u>संधि ,उपसर्ग तथा प्रत्यय</u>**

प्रश्न 1 निम्न शब्दों में संधि कीजिए।

पौ+अन , भौ +उक , नौ+इक , पितृ+इच्छा

प्रश्न 2 संधि-विच्छेद कीजिए।

महर्षि , विद्यालय , सर्वोत्तम

प्रश्न 3 निम्न शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द को अलग- अलग करके लिखें।

प्रतिनिधि , विभाग , प्रभात

प्रश्न 4 निम्न शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग- अलग करके लिखें।

बचपन , कठिनाई , जोरदार

**<u>विराम चिह्न</u>**

1) हाँ मैं यह चित्र बना लूँगा
2) उसकी हिरनी सी आँखें मुझे बहुत पसंद हैं
3) इस कविता के रचयिता रामधारी सिंह दिनकर हैं
4) नहीं तुम अभी अंदर नहीं आ सकते हो
5) उसकी हिरनी सी आँखें मुझे बहुत पसंद हैं
6) कभी–कभी अपना परिचय उनके पीर बावर्ची भिश्ती खर के रूप में देने में वे गौरव का अनुभव किया करते थे
7) तीसरे दिन की सुबह तुमने मुझे कहा मैं धोबी को कपड़े देना चाहता हूँ

**रचनात्मक कार्य**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखें।**

**इंटरनेट: एक संचार क्रांति**

संकेत बिंदु - अर्थ, संचार जगत में क्रांति, ज्ञान का भंडार, शिक्षा में सहायक, दोष एवं प्रभाव

**प्रकृति से प्रेम करो**

संकेत बिंदु : ईश्वर का अमूल्य उपहार ,हमारी धरोहर ,प्रकृति -प्रेम, ख़ुशी तथा शांति ,
उपसंहार।

**प्रश्न 2. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित एक पुस्तक प्रदर्शनी में जाने के अपने अनुभव को अपने दोस्त को बताते हुए एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित विषय पर संवाद 80-100 शब्दों में लिखें।**
**पिकनिक के आयोजन को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बातचीत।**

**प्रश्न 4. दिए गए चित्र का वर्णन लगभग 120 शब्दों में करें।**

